## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.02.2025 समय : 1850

<><><><><><><>

- पांचवां वित्त आयोग, अध्यक्ष अनिल कुमार झा के नेतृत्व में अपने पांच दिवसीय दौरे पर कल द्वीपसमूह पहुंचेगा।
- शिक्षा विभाग की ओर से डीब्रेट में परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के सजीव प्रसारण की व्यवस्था।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका की ओर से हैडो और अनारकली में विशेष कर संग्रह अभियान चलाया गया।
- नेहरू युवा केंद्र रंगत की ओर से 'स्वस्थ राष्ट्र – समृद्ध राष्ट्र' विषय पर जिला स्तरीय खेल का आयोजन।

<><><><><><><>

पांचवां वित्त आयोग, अध्यक्ष अनिल कुमार झा के नेतृत्व में अपने पांच दिवसीय दौरे पर कल द्वीपसमूह पहुंचेगा। दस फरवरी को आयोग स्वराज द्वीप पंचायती राज संस्थाओं के साथ बैठक करेगा और विभागीय स्थलों का दौरा करेगा। ग्यारह फरवरी को आयोग शहीद द्वीप में पंचायती राज संस्थाओं के साथ बैठक करेगा। तेरह फरवरी को आयोग श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद अध्यक्ष, परिषद के सचिव, शहरी विकास सचिव और पार्षदों के साथ परिषद के सम्मेलन कक्ष में बैठक करेगा। इसके बाद आयोग सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में मुख्य सचिव और द्वीप प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। अपनी यात्रा पूरी कर वित्त आयोग चौदह फरवरी को मुख्य भूमि वापस लौटेगा।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में दस फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे से इसका प्रसारण किया जाएगा। इसे द्वीपसमूह के छात्र, अभिभावक और शिक्षक देख सकेंगे। प्रधानमंत्री का संवाद दूरदर्शन के माध्यम से डी डी नेशनल, डी डी न्यूज और डी डी इंडिया चैनलों पर भी देखा जा सकता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित चिन्मय मिशन में बोर्ड परीक्षा देने वाले दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए कल विशेष श्री गणपति होमम का आयोजन किया जाएगा। होमम सुबह आठ बजे से आरंभ होगा। होमम के बाद प्रतिभागियों के लिए काउंसलिंग सत्र आयोजित किया जाएगा। अन्य कक्षाओं के छात्र भी होमम में शामिल हो सकते हैं। सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आज देवी अहिल्या बाई होलकर की तीन सौवीं जयंती मनाई गई। श्री विजयपुरम के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के व्याख्यान गैलरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एबीवीपी के राष्ट्रीय संयुक्त आयोजन सचिव, गोविंद नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने देवी अहिल्या बाई होलकर के असाधारण जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने उनकी ताकत, नेतृत्व और लोक कल्याण के लिए प्रतिबद्धता पर जोर दिया। श्री गोविन्द ने उनके उल्लेखनीय शासन, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के प्रति समर्पण और महिलाओं के लिए एक प्रेरणा के रूप में उनकी भूमिका के बारे में बताया। आर.वी.आर. मूर्ति ने इस दिन के महत्व और देवी अहिल्या बाई होलकर के भारतीय समाज में योगदान के बारे में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में लगभग तीन सौ पचास छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका की ओर से आज हैडो और अनारकली के सामुदायिक हॉल में विशेष कर संग्रह अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए करों के भुगतान को आसान बनाना था। अभियान में, अधिकारियों और फील्ड स्टाफ को संबंधित सामुदायिक हॉल में सुचारू रूप से कर संग्रह के लिए तैनात किया गया। परिणामस्वरूप नगरपालिका करों में तीन लाख अड़सठ हजार आठ सौ पचपन रुपये का संग्रह हुआ। यह पहल नागरिक सुविधाओं में सुधार को सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है। श्री विजयपुरम नगरपलिका परिषद पारदर्शी, सुलभ और कुशल सेवाएँ प्रदान करके अपने निवासियों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

नेहरू युवा केंद्र रंगत की ओर से आज 'स्वस्थ राष्ट्र – समृद्ध राष्ट्र' विषय पर जिला स्तरीय खेल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत बकुलतला के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेल गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर पंचायत समिति प्रमुख सीता माझी मुख्य अतिथि थीं, जबकि उर्मिलापुर ग्राम पंचायत प्रधान मिली रॉय और बकुलतला ग्राम पंचायत प्रधान नारायण मंडल सम्मानित अतिथि थे। जिला स्तरीय खेलों के अंतर्गत पुरूषों और महिलाओं के लिए वॉलीबॉल, रस्साकशी, रिले रेस और शॉट पुट जैसी स्पर्धाएँ आयोजित की गई।

<><><><><><><>

जैव विविधता संरक्षण के तहत दक्षिण अंडमान अंचल की विम्बर्लीगंज में चौथी वार्षिक खेल–सह–एथलेटिक मीट आयोजित की गई। इसमें खेल के माध्यम से स्थानीय वनस्पतियों और जीवों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के अलावा स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित किया गया। खेल के लिए व्हाइट–बेलिड सी ईगल को आधिकारिक शुभंकर के रूप में चुना गया। खेल मीट के दौरान हाफ मैराथन, क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, रस्साकशी और अन्य एथलेटिक इवेंट जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा, ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने तनाव को दूर करने के लिए जीवन में खेलों को शामिल करने और खेल संस्कृति विकसित करने पर जोर दिया।

<><><><><><><>

उत्तराखण्ड में आज राष्ट्रीय खेलों में एथलेटिक्स और जिम्नास्टिक्स स्पर्धाओं की शुरुआत हुई। देहरादून में दस हजार मीटर की दौड़ में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। पुरुष वर्ग में हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल ने स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र के किरण म्हात्रे को रजत और मध्य प्रदेश के विनोद सिहं को कांस्य पदक मिला। महिला वर्ग में महाराष्ट्र की संजीवनी जाधव ने पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में उत्तराखण्ड के एथलीटों ने रजत और कांस्य पदक जीते। चम्पावत में रिवर राफ्टिंग प्रतियोगिता की भी आज शुरुआत हुई। सेना उनतालीस स्वर्ण पदक जीतकर तालिका में शीर्ष पर है। तीस स्वर्ण पदकों के साथ कर्नाटक दूसरे स्थान पर है।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के कौशल विकास कार्यक्रम इकाई की ओर से हस्तनिर्मित वस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी ग्यारह और बारह फरवरी को टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में शाम तीन से सात बजे तक लगेगी।

<><><><><><><>

मन्नारघाट ग्राम पंचायत के अंतर्गत मन्नारघाट–पांच में सीसी रोड और कल्वर्ट का उद्घाटन किया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त और ग्रामीण विकास सचिव अर्जुन शर्मा ने आज इसका उद्घाटन क्षेत्र की प्रधान साजिदा बानू, जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्य की उपस्थिति में किया। इस दौरान ज़िला उपायुक्त ने मालापुरम–दो में सी सी रोड और वन डेरा रोड सहित कई कार्यस्थलों का दौरा भी किया।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलज मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए आवश्यकतानुसार यू.जी. पाठ्यक्रम के लिए तेलुगू और शारीरिक शिक्षा विषयों में अतिथि संकाय का एक पैनल तैयार करने का प्रस्ताव

किया गया है। संसाधन व्यक्ति को प्रति व्याख्यान पन्द्रह सौ रूपये का मानदेय दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा पचास हजार रूपये तक होगी। पात्र उम्मीदवारों से दस्तावेजों के साथ एक संक्षिप्त व्यक्तिगत डेटा की हार्ड कॉपी कॉलेज के प्रधानाचार्य के कार्यालय में उन्नीस फरवरी तक जमा करने को कहा गया है। बायोडाटा कॉलेज की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**